मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 542

24.07.2025 को उत्तर के लिए

मैंग्रोव संरक्षण के लिए किए गए प्रयास

542. श्रीमती माया नारोलिया :
श्रीमती संगीता यादव :
श्रीमती किरण चौधरी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल मैंग्रोव आवरण का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2020 से मैंग्रोव आवरण में कुल कितनी वृद्धि हुई है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान मैंग्रोव संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए की गई प्रमुख प्रोत्साहन पहलों/उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) के माध्यम से मैंग्रोव संरक्षण पर कितनी धनराशि व्यय की गई हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) तथा (ख): नवीनतम भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार, देश में कुल मैंग्रोव आवरण 4,991.68 वर्ग किमी है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 0.15 % है। आईएसएफआर 2019 और आईएसएफआर 2023 की तुलना में, देश के मैंग्रोव आवरण में 16.68 वर्ग किमी की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। आईएसएफआर 2019 और आईएसएफआर 2023 के अनुसार मैंग्रोव आवरण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **संलग्नक 1** में दिया गया है।

(ग) तथा (घ): बजट घोषणा वर्ष 2023-24 के एक भाग के रूप में, तटीय आवास एवं मूर्त आय (मिष्टी) के लिए मैंग्रोव को विशिष्ट, प्राकृतिक पारि-प्रणाली तथा तटीय पर्यावासों की संधारणीयता को संरक्षित करने और बढ़ाने के लिए 5 जून, 2023 को मैंग्रोव पहल की शुरूआत की गई थी। मिष्टी का उद्देश्य भारत के तट के साथ मैंग्रोव बहाली/वनीकरण के उपायों को शुरू करके मैंग्रोव वनों को बहाल करना है। मिष्टी के तहत कार्यविधियों का कार्यान्वयन वित्त वर्ष 2024-25 में शुरू किया गया था और 3,836 हेक्टेयर क्षतिग्रस्त वनों की बहाली के लिए गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र को 17.96 करोड़ रुपये की राशि को राष्ट्रीय कैम्पा से जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, 22560.34 हेक्टेयर के क्षतिग्रस्त मैंग्रोव को राज्य कैम्पा, मनरेगा और राज्य योजनाओं सहित विभिन्न स्कीमों के तहत बहाली के अंतर्गत लाया गया है। विवरण **संलग्नक 2** में दिया गया हैं।

*****

संलग्नक 1

"मैंग्रोव संरक्षण के लिए किए गए प्रयास" के संबंध में श्रीमती माया नारोलिया; श्रीमती संगीता यादव; श्रीमती किरण चौधरी द्वारा दिनांक 24.07.2025 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 542 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक

तालिका: देश में मैंग्रोव आवरण का राज्यवार और वर्षवार विवरण

(क्षेत्रफल वर्ग किमी में)

क्र.सं.	**राज्य**	**आईएसएफआर 2019 के अनुसार मैंग्रोव आवरण**	**मैंग्रोव आवरण (आईएसएफआर 2023)**
1	आंध्र प्रदेश	404.00	421.43
2	गोवा	26.00	31.34
3	गुजरात	1177.00	1164.06
4	कर्नाटक	10.00	14.20
5	केरल	9.00	9.45
6	महाराष्ट्र	320.00	315.09
7	ओडिशा	251.00	259.06
8	तमिलनाडु	45.00	41.91
9	पश्चिम बंगाल	2112.00	2119.16
10	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	616.00	608.29
11	दमन और दीव	3.00	3.86
12	पुदुचेरी	2.00	3.83
	कुल	**4975.00**	**4991.68**

संलग्नक 2

"मैंग्रोव संरक्षण के लिए किए गए प्रयास" के संबंध में श्रीमती माया नारोलिया; श्रीमती संगीता यादव; श्रीमती किरण चौधरी द्वारा दिनांक 24.07.2025 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 542 के भाग (ग) तथा (घ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक

तालिका: राष्ट्रीय कैम्पा से गैप-फंडिंग के रूप में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान राज्यों को जारी किए गए क्षेत्र और निधि का विवरण

वित्त वर्ष	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जिलों की संख्या	राष्ट्रीय कैम्पा निधि से लिया गया क्षेत्र (हेक्टेयर में)	पहली किस्त के रूप में जारी कुल धनराशि (रुपये करोड़ में)
2024-25	गुजरात	02	2500	6.20
	पश्चिम बंगाल	03	478	3.74
	केरल	01	13	0.666
	पुदुचेरी	03	55	1.94
	आंध्र प्रदेश	06	701	4.709
	ओडिशा	04	89	0.7027
	कुल		**3836 हेक्टेयर**	**17.9617**

तालिका: मिष्टी स्कीम की शुरुआत से अभिसरण के माध्यम से मैंग्रोव बहाली (वर्ष 2023-24 और उसके बाद)

मैंग्रोव बहाली के लिए लिया गया क्षेत्र (हेक्टेयर में)				
क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2023-24	2024-25	कुल
1	महाराष्ट्र	138.77	53.2	**191.97**
2	आंध्र प्रदेश	137.26	700.5	**837.76**
3	पुदुचेरी	0.00	6.00	**6.00**
4	लक्षद्वीप	0.003	0.003	**0.006**
5	गोवा	35.8	6.00	**41.80**
6	पश्चिम बंगाल	10.00	0.00	**10.00**
7	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	14.5	2.50	**17.00**
8	कर्नाटक	135	220.00	**355.00**
9	गुजरात	6930	12290.00	**19220.00**
10	ओडिशा	402.00	359.00	**761.00**
11	दादरा और नगर हवेली दमन और दीव	40.92	10.00	**50.92**
12	केरल	8.88	0.00	**8.88**
13	तमिलनाडु	570.00	490.00	**1060.00**
	कुल	**8,423.13**	**14137.20**	**22560.34**

*****